by the London newspaper "The Observer" as their Special Correspondent. However, Government are aware that a foreign-tourist bearing another name who was given a permit to visit the Kaziranga Game Sanctuary in Assam, did secretly visit Nagaland some time in January, 1968. Attempts were made by the District authorities to apprehend him but he managed to escape. An enquiry has been instituted.

(c) According to the statement of the writer himself, he sneaked into Nagaland in a clandestine manner in disguise with the help of the Naga Underground.

**Extradition of Dr. Dharma Teja**

*216. SHRI YASHPAL SINGH:
SHRI K. M. KOUSHIK:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) the progress made in the extradition proceedings against Dr. Dharma Teja;

(b) the time by which he is likely to be brought in this country; and

(c) whether any difficulties are being faced by Government in the extradition of Dr. Dharma Teja?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH): (a) to (c). Our request for the extradition of Dr. Dharma Teja and Smt. Teja is still pending consideration before the Supreme Court of Costa Rica to whom the Government of Costa Rica referred the request for advice in March last. Arrangements for their extradition are expected to be made as soon as the clearance of the Costa Rican Government is available.

**Planning Commission**

*217. SHRI YAJNA DATT SHARMA:
SHRI BEDABRATA BARUA:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government propose to decentralise the Planning Commission in view of the conflict and contradictions between the Centre and the States on the planning sphere;

(b) whether there is also any proposal to associate Panchayats with the planning process;

(c) whether the Administrative Reforms Commission have also suggested for the strengthening of the State Planning machinery; and

(d) if so, Government's reaction thereto?

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF PLANNING AND MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI INDIRA GANDHI): (a) The Planning Commission has been reconstituted, keeping in view the recommendations of the Administrative Reforms Commission on the Machinery for Planning. Government have accepted the recommendation of the Administrative Reforms Commission regarding the functions of the Planning Commission *vis-a-vis* the States on matters concerning State Plan Schemes.

(b) Yes, Sir.

(c) Yes, Sir.

(d) The recommendations made by the Administrative Reforms Commission pertaining to States have been brought to the notice of the State Governments. They were also placed before the last meeting of the National Development Council held in May, 1968. It is essentially for the State Governments to consider what arrangements they make to deal with Planning at the State or lower levels.

**लघु उद्योग**

*218. **श्री कंवर लाल गुप्त :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने राज्यों की चौथी पंचवर्षीय योजना में लघु

उद्योगों का विकास तथा विस्तार कार्य आरम्भ करने की सलाह दी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अन्य उद्योग केवल उपभोक्ता वस्तुओं के लिये ही स्थापित किये जायेंगे ;

(ग) क्या यह भी सच है कि योजना आयोग ने बड़े किसानों पर विकास शुल्क लगाने का सुझाव दिया है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके बारे में राज्य सरकारों की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मंत्री, अणु शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी)** : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

**पाकिस्तान द्वारा अवैध अधिकृत काश्मीर में पाकिस्तानी सैनिक गतिविधियां**

*219. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री जी० एस० रेड्डी :**

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को विदित है कि पाकिस्तान ने पाकिस्तानी अधिकृत काश्मीर क्षेत्र में अपनी सैनिक गतिविधियां बढ़ा दी हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पाकिस्तान ने उस क्षेत्र में, जहाँ चीनी अधिकारी प्रशिक्षण दे रहे हैं कुछ सैनिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले हैं ; और

(ग) यदि हाँ, तो उसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह :** (क) जहां तक सरकार को ज्ञान है जम्मू तथा काश्मीर में युद्ध विराम रेखा के पार पाकिस्तानी सेनाओं की सैनिक गतिविधि में कोई भारी वृद्धि नहीं हुई है ।

(ख) गुरीला युद्ध प्रणाली इत्यादि में चीनी प्रशिक्षकों द्वारा पाकिस्तानी सेविवर्ग को प्रशिक्षण दिये जाने का सरकार को ज्ञान है ।

(ग) अपने देश की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं ।

**सैनिक समाचार**

*220. **श्री कामेश्वर सिंह:** क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि सैनिक समाचार में कार्य करने वाले पत्रकारों की सेवा स्थायी नहीं है तथा उनकी नियुक्ति और पदोन्नति में अनियमितताएं की जाती हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त पत्र में बहुत से पत्रकार बहुत वर्षों से कार्य कर रहे हैं परन्तु न तो उन्हें अब तक स्थायी किया गया है और न ही उनके मामले पर नियमों के अनुसार पदोन्नति के लिये विचार किया गया है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस पत्र की अब कम प्रतियां छापी जाती हैं ; और

( ) यदि हां, तो उसके क्या कारण है ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह):** (क) और (ख). सैनिक समाचार पत्र के पत्रकारों के लिए कुल स्थानों की संख्या 40 है, जिन में से 30 स्थान स्थायी हैं, और 8 अस्थायी । उपसम्पादक का एक स्थान और उप-पत्रकारों के 9 स्थान इस समय खाली है : 33 शेष स्थानों को धारण करने वालों में से 18 स्थायी सरकारी सेवक हैं जो सैनिक समाचार में या तो स्थायी नियुक्तिएं धारण किए हैं, या रक्षा मंत्रालय में अन्यत्र । भर्ती के उन नियमों